wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

वर्ष-1 अंक- 102 सागवाड़ा, शनिवार, 11 दिसम्बर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

## कुल्लू-मनाली से ठण्डा फतेहपुर

**जयपुर।** राजस्थान में अब सर्दी धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगी है। सीकर जिले का फतेहपुर कस्बे में तापमान ने हिमाचल, जम्मू कश्मीर के शहरों से भी नीचे चला गया है। फतेहपुर में आज न्यूनतम तापमान माइनस 1.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो हिल स्टेशन कुल्लू-मनाली, नैनीताल, मसूरी से भी बहुत कम है। कुल्लू में आज का न्यूनतम तापमान 0.6, मनाली -1, नैनीताल 4.8 और मसूरी में 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। राजस्थान में इस सीजन में पहली बार किसी जगह न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज हुआ है। फतेहपुर में पारा माइनस में जाने के बाद खेतों में खड़ी फसलों पर बर्फ की हल्की परत जम गई, वहीं गाड़ियों के शीशे और घरों के बाहर खुले में रखा पानी पर भी हल्की बर्फ जम गई। फतेहपुर के अलावा तेज सर्दी का असर शेखावाटी और राजस्थान के दूसरे इलाकों में भी रहा।

## एसपी ने जिले की कानून व्यवस्था व आपराधिक मामलों की समीक्षा की

**डूंगरपुर।** जिले के जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने आज एसपी ऑफिस में क्राइम बैठक लेते हुए जिले की कानून व्यवस्था व आपराधिक मामलों की समीक्षा की। इस दौरान एसपी जोशी ने थानाधिकारियों को लम्बे समय से पेंडिंग मामलों को 31 दिसम्बर से पहले निस्तारित करने के निर्देश दिए 7 जिला मुख्यालय पर वसुंधरा विहार स्थित एसपी ऑफिस में एसपी सुधीर जोशी ने क्राइम बैठक ली। बैठक में एएसपी अनिल मीणा सहित सभी वृत्ताधिकारी व समस्त थानाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसपी सुधीर जोशी ने जिले की कानून व्यवस्था व आपराधिक मामलों की समीक्षा करते हुए अपराधो पर लगाम लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पेशल लोकल एक्ट, महिला अत्याचार, एमवी एक्ट, स्थायी वारंटी, भगोड़े घोषित अपराधीयो की गिरफ्तारी के प्रगति की जानकारी लेते हुए थानाधिकारियों को विभिन्न एक्ट में अधिक से अधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। इधर बैठक में एसपी जोशी ने दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट, एससी-एसटी एक्ट के पेंडिंग मामलो की समीक्षा करने के साथ थानों में एक वर्ष से लंबित अन्य प्रकरणों के सम्बन्ध व उनके पेंडिंग होने के कारणों के बारे में जानकारी ली और 31 दिसम्बर से पहले तमाम मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। डूंगरपुर एसपी सुधीर जोशी ने क्राइम मीटिंग में थानाधिकारियों को शराब तस्करी,लकड़ी तस्करी बजरी के अवैध खनन, परिवहन और मादक पदार्थो की तस्करी पर लगाम लगाने के निर्देश थानाधिकारियों को दिए है।

# बिजली चोरी कर रहे परिवार ने टीम पर हमला किया

### राजस्व वसूली के लिए गई झोथरी बिजली विभाग की टीम पर हमला

**डूंगरपुर।** जिले के चौरासी थाना क्षेत्र के भिंडा गांव में राजस्व वसूली के लिए गई झोथरी बिजली विभाग की टीम पर बिजली चोरी कर रहे परिवार ने हमला कर दिया। टीम ने जैसे-तैसे अपना बचाव किया। वही बिजली विभाग के जेईएन की रिपोर्ट पर चौरासी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है । झोथरी बिजली विभाग के जेईएन इन्द्रजीत चौरसिया ने बताया की भिंडा गांव निवासी शंकर गमेती का बिजली कनेक्शन पिछले दो साल से कटा हुआ था और उसका 10 हजार 500 रुपए के बिजली बिल की राशी बकाया चल रहा था। जिस पर बिजली विभाग के जेईएन इन्द्रजीत चौरसिया, ध्रुवद पाटीदार, नरेश बोडात और दिनेश खांट आज भिंडा गाँव में शंकर से बिजली के बिल की राजस्व वसूली के लिए गए थे ।जब टीम मौके पर पहुंची और तो देखा की कनेक्शन कटे होने के बावजूद शंकर केबल डालकर बिजली की चोरी कर रहा है। बिजली की चोरी कर शंकर कुए पर पानी की मोटर लगाकर खेतो में सिंचाई कर रहा था। जिस पर टीम ने केबल को काटने गई तो शंकर और उसका बेटा अनिल गमेती लट्ठ व पत्थर लेकर आये और जेईएन इन्द्रजीत पर हमला कर दिया इस दौरान टीम के अन्य सदस्यों ने बीच-बचाव किया और केबल काटकर केबल को जब्त किया। वही इसके बाद बिजली विभाग की टीम चौरासी थाने पहुंची जहा पर बिजली विभाग के जेईएन ने चौरासी थाने में आरोपी शंकर व उसके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नेहरू मार्केट में दिखेगी महात्मा गांधी की दांडी यात्रा की झलक

### नगर पालिका सागवाड़ा लगाएगी महात्मा गांधी की पहली प्रतिमा



**सागवाड़ा।** स्वतंत्रता संग्राम को उजागर करने के लिए महात्मा नेहरू मार्केट को सुशोभित किया जा रहा है। जहां राष्ट्रपिता के नाम पर एक पार्क विकसित किया जाएगा। दांडी मार्च का चित्रण देश के स्वतंत्रता संग्राम के बारे में युवाओं को जागरूक करेगा। रात में भी लोग चित्रण देख सकें, इसके लिए एलईडी लाइटें भी लगेंगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पहली प्रतिमा शहर के नेहरू पार्क में लगेगी। इसका कार्य भी शुरू हो गया है। नगर पालिका सागवाड़ा ने शहरी सौंदर्यीकरण की शुरूआत कर दी है। शहर के नेहरू मार्केट में महात्मा गांधी की दांडी यात्रा की झलक दिखाई देगी। नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि नेहरू मार्केट की खाली जमीन को गांधी पार्क के रूप में विकसित किया जाएगा। यह काम शुरू हो गया है। फाइबर युक्त दांडी यात्रा की प्रतीक मध्यप्रदेश में तैयार की गई है। खोडनिया ने बताया कि विकसित होने वाले इस पार्क में दांडी मार्च या नमक आंदोलन पर आधारित मूर्तियां लगाई जाएंगी।

जो युवा पीढ़ी एवं चौक से गुजरने वाले लोगों को स्वतंत्रता के लिए भारत के संघर्ष को प्रदर्शित करने के साथ-साथ 1930 के नमक सत्याग्रह मार्च के बारे में भी जागरूक करेंगी। साथ ही यहां रात में इस दीवार में जलने वाली लाइटें सभी को आकर्षित करेंगी। शहर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पहली प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

## पाडवा में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजत पूर्व विधायका अनिता कटारा ने किया कथा का श्रवण




**सागवाड़ा।** पाडवा गाँव मे सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हो रहा। शनिवार को छठे दिन पूर्व विधायक अनिता कटारा भी कथा स्थल पहुँच कर कथा का श्रवण किया। वही कथा वाचक शास्त्री सुरेश पंड्या का आशीर्वाद लिया । कथावाचक शास्त्री ने व्यासपीठ से कहा कि कथा सुनने के कारण जीव मात्र के पाप कट जाते है और उसको मुक्ति मिल जाती है ।

भागवत ऐसी अमृत कथा है जिसके श्रवण मात्र से मनुष्य का पाप कट जाते हैं और उसका हृदय निर्मल हो जाता है। वही कथा के दौरान पूर्व विधायक अनिता कटारा ने कथावाचक शास्त्री सुरेश पंड्या को पुष्पमाला अर्पित कर आशीर्वाद लिया वही। मुख्य यजमान भगवान कचरू जगोत पाटीदार के परिवार ने पूर्व विधायक का स्वागत किया । वही कटारा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म की राह पर चल कर जीवन सफल हो सकता है । भागवत हमे जीवन जीना सिखाती है ।

वही इस अवसर पर ताजेंग पाटीदार, मोगजी पाटीदार, पुष्पेंद्र चौबीसा रमण पाटीदार, विजय जैन, हेमंत पाटीदार, त्रिभुवन चौबीसा, मनोहर त्रिवेदी, प्रवीण व्यास, भावेश पाटीदार, यशवंत पाटीदार, दिनेश पाटीदार, गौतम पाटीदार, देवीलाल पाटीदार सहित समाजजन मौजूद थे।

## प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त निदेशक से की वार्ता शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला चुनाव 25

**सागवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रतिनिधिमंडल ने मंडल उपाध्यक्ष अभय सिंह राठौड़ के नेतृत्व में संयुक्त निदेशक से उदयपुर में वार्ता का शिक्षकों की समस्याओं के तत्काल निदान की मांग की। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ ऋषिन चौबीसा व संभाग संगठन मंत्री देवीलाल पाटीदार ने बताया कि शिक्षकों के लंबे समय से लंबित मांगों वरिष्ठता सूची में अंकित त्रुटियों को दुरस्त करने, वाणिज्य- संस्कृत - हिंदी उद्योग -कृषि- सामाजिक तथा शारीरिक शिक्षा विषय के शिक्षकों की पदोन्नति शीघ्र करने, शाला दर्पण पर वंचित शिक्षकों को शीघ्र मैपिंग कर पोर्टल पर दर्ज करने, न्यायालय के आदेशों की पालना में शिक्षाकर्मियों- प्रबोधको व संविदा शिक्षकों को शीघ्र नोंशनल लाभ दिलाने,एसीपी व सेवा संबंधी बकाया प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने की मांग करते हुए आदेश जारी करने की बात कही द्य जिला अध्यक्ष बलवंत बामणिया व जिला मंत्री कन्हैया लाल व्यास ने बताया कि संगठन के सत्र 2022 - 23 हेतु जिला चुनाव 25 दिसंबर को डाइट परिसर में प्रदेश द्वारा नियुक्त जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद शाह के सानिध्य में होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची प्रकाशन अनुसार 10 उपशाखाओं से इस सत्र में नियुक्त जिला प्रतिनिधि, उपशाखा अध्यक्ष मंत्री व महिला मंत्री तथा वर्तमान जिला कार्यकारिणी के सदस्य मतदान प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे।

## सिलोही विधालय में साईक़ल वितरण



**सागवाड़ा।** राउमावि सिलोही में निःशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ।अध्यक्षता दलजीराम पाटीदार ने की। मुख्य अतिथि हरिविठल पाटीदार थे। प्रभारी रोहित जोशी ने बताया कि सत्र 2020-21 के पात्र 24 छात्रा व 2021-22 की पात्र 21 छात्राओ को साइकिल वितरित की गई।

स्वागत उदबोधन सस्था प्रधान हरीश चन्द्र पाटीदार ने दिया। संस्थाप्रधान ने इस दौरान विद्यालय की शैक्षिक -भोतिक गतिविधियों से अवगत कराया। साथ ही बालिकाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए उन्हें प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुकेश पण्ड्या, रामशंकर पाटीदार, वार्ड पंच विनोद पाटीदार, वार्ड पंच राहुल सेवक कार्यक्रम में कांतिलाल पाटीदार दीपेश पुरोहित, भूपेन्द्र रावल,भव्य श्रीमाली एवं सत्यदेव यादव उपस्थित रहे कार्यक्रम में संचालन मोहनलाल पाटीदार ओर आभार प्रथम सहायक लालशंकर पाटीदार ने किया।

## सीडीएस जनरल विपिन रावत को श्रद्धांजलि



**सागवाड़ा।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल विपिन रावत, उनकी पत्नी व अन्य लोगों की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में हृदय विदारक मौत पर हर कोई गम में है।

उनकी मौत पर लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करके आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पंचदेव मंदिर वार्ड नंबर 7 पुनर्वास कॉलोनी सागवाड़ा में पार्षद भरत जोशी, ध्यानीलाल कंसारा, स्वच्छता एम्बेसडर शालीन मनोज कंसारा, करण सिंह चौहान, सुकलाल पटेल, भगवती लाल पंचाल, लालशंकर यादव, कन्हैया लाल व्यास, विजय राम भावसार, मणिलाल पंड्या, कमल शर्मा, मनोज आर कंसारा, जयेश सुथार, मनोज पंड्या एवं बंसीलाल पंचाल ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



**रामसौर।** तमिलनाडु के कुन्नूर हेलीकॉप्टर हादसें में शहीद सीडीएस बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत सहित 11 अन्य वीर जांबाजों अधिकारियों की श्रद्धांजलि सभा शुक्रवार देर शाम विलास रावला परिसर में कुआं में हुआ। त्रिलोकेश्व सिंह राठौड़ ने कहा कि देश सेवा में बलिदान और देश सेवा में रावत के योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। वहीं भगवानलाल डामोर ने इस घटना को देश के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि इसकी भरपाई निकट भविष्य में होना असंभव बताया। इस दौरान अजय डामोर, हेमेंद्र सिंह, हरीशचंद्र सिंह, दीपक कुमार,गोपाल,धनेश्वर, नरेश यादव, राकेश कलाल, गजेंद्र मेहता, चेतन परमार, राकेश दर्जी मौजूद थे।

## राजस्थान में कोरोना के 18 नए केस

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना के पिछले 24 घंटे में 18 केस मिले हैं। 6 दिन बाद ऐसा हुआ है, जब राज्य में कुल केस की संख्या 20 से भी कम रही। शनिवार को सबसे ज्यादा मरीज (8) जयपुर में मिले हैं। हनुमानगढ़ में 3 और अजमेर, अलवर, बीकानेर, झुंझुनूं, नागौर, सीकर और उदयपुर में एक-एक मरीज मिला है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखें तो आज कोरोना के कुल 14 मरीज रिकवर हुए हैं। इसी के साथ एक्टिव केस की संख्या 269 से बढ़कर 273 पर पहुंच गई। राजस्थान में पिछले एक सप्ताह की रिपोर्ट देखें तो कुल 190 मरीज अब तक मिल चुके हैं।

## 11 माह से मनमुटाव के चलते अलग रह रहे पति-पत्नी को राष्ट्रीय लोक अदालत ने आज फिर से एक कर दिया

**डूंगरपुर।** जिले में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत आज एक परिवार के लिए बड़ी खुशिया लेकर आई। पिछले 11 माह से मनमुटाव के चलते अलग रह रहे पति-पत्नी को राष्ट्रीय लोक अदालत ने आज फिर से एक कर दिया। डूंगरपुर बेंच में जज साहब के सामने पति-पत्नी ने फिर एक बार एक दूसरे को माला पहनाई और फिर एक-दूजे के हो गए। दरअसल भोजातो का ओड़ा निवासी महेश अहारी और रमीला परमार की शादी 19 जनवरी 2015 को हुई थी। शादी के बाद दोनों में मनमुटाव चल रहा था, जिस कारण 19 जनवरी 2021 को पत्नी रमीला घर छोड़कर चली गई। रमीला अपने पिता गंगाराम परमार निवासी देवली पाणिदरा के घर रह रही थी। पति महेश ने अगस्त महीने में पारिवारिक न्यायालय में दाम्पत्य सुखाधिकारो की पुनर्स्थापना का दावा पेश किया।

फेमेली कोर्ट के जज महेंद्र कुमार मेहता ने मामले ने दोनों पति और पत्नी से 3 बार समझाइश की ओर दोनों को फिर से एक होने की नसीहत दी।

इस पर दोनों राजी हो गए। मामला लोक अदालत में रखा गया। आज शनिवार को दोनों पति-पत्नी कोर्ट पंहुचे ओर उन्हें मतभेद भुलाकर एक होने के लिए कहा। इस पर जज महेंद्र कुमार मेहता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित सहलोत,सदस्य जितेंद्रसिंह चौहान पीठ व एडवोकेट विनोद शर्मा की मौजूदगी में दोनों ने एक-दूसरे में गले मे फूल-माला पहनाई।

जज साहब ने दोनों को फिर से नया जीवन शुरू करने का आशीर्वाद दिया। इसके बाद दोनों पति-पत्नी साथ-साथ घर के लिए रवाना हो गए। इधर राष्ट्रीय लोक अदालत में कई प्रकरणों का आपसी राजीनामो से निस्तारण भी किया गया।



## मुख्यमंत्री ने अमर जवान ज्योति पर मौन रखकर जनरल रावत सहित अन्य सैन्य अधिकारियों-कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को यहां अमर जवान ज्योति पर दो मिनट का मौन रखकर हैलीकॉप्टर दुर्घटना में दिवंगत हुए भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ (सीडीएस) जनरल विपिन रावत, उनकी पत्नी श्रीमती मधुलिका रावत एवं सशस्त्र सेनाओं के अन्य अधिकारियों-जवानों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने दिवंगत सैन्य अधिकारियों- जवानों की तस्वीरों के समक्ष पुष्पचक्र भी अर्पित किया। गहलोत ने कहा कि इस हादसे से पूरा देश स्तब्ध है। सभी को गहरा आघात लगा है। दुःख की इस घड़ी में पूरा देश दिवंगत जनरल रावत एवं अन्य सैन्य अधिकारियों-जवानों के परिवारों के साथ है। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान करे एवं शोक संतप्त परिवारों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस अवसर पर राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि, सेना के अधिकारियों-जवानों तथा राज्य सरकार के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## रैली से कोरोना फैलने का खतरा नहींः गहलोत

**जयपुर।** कांग्रेस की रैली में भीड़ जुटने से कोरोना फैलने के खतरे से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने साफ इनकार किया है। बंगाल चुनाव में रैलियों से कोरोना फैलने और अब कोरोना के खतरे के बीच रैली के बारे में पूछने पर गहलोत ने कहा कि उस वक्त में और आज में रात दिन का फर्क है। आज ऑक्सीजन की डिमांड है क्या, कोई वेंटिलेटर पर है क्या? उस वक्त हाहाकार मचा हुआ था। न ऑक्सीजन उपलब्ध थी, न दवाएं। लोग ऑक्सीजन की कमी से मर रहे थे। आज वैसे हालात नहीं हैं। गहलोत ने कहा- तब प्रधानमंत्री को अंदाज ही नहीं था कि यह वैरिएंट बाद में डेल्टा कहलाएगा। भारत सरकार को यह पता नहीं था कि दूसरी लहर में इतना भयंकर कोरोना आ गया। विद्याधर नगर स्टेडियम में कांग्रेस के रैली स्थल पर सोशल डिस्टेंसिंग रख पाना मुश्किल है।

# सागवाड़ा में सट्टे की पर्चियां काटते 4 को पकड़ा, 15 हजार रुपए जब्त

### सागवाड़ा पुलिस व डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई




**सागवाड़ा।** सागवाड़ा पुलिस व डीएसटी ने शनिवार को अवैध जुआ सट्टा की पर्चियां काटने वालो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 आरोपियों को पकड़कर उनके पास से 14 हजार 990 रुपए जब्त किए। सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि हैड कांस्टेबल नवीन चन्द्र एवं थाने के हैड कांस्टेबल हर्षवर्धनसिंह, हरिसिंह, अजय राजसिंह ने अवैध जुआ सट्टे की पर्चियां काटने वालो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुजारवाड़ा सागवाड़ा निवासी चन्द्रकात पुत्र थावरचंद सेवक को पकड़ा तथा कब्जे से 930 रुपए, अवैध जुआ सट्टे की पर्चियां व हिसाब की डायरी जब्त की। जिला विशेष टीम से कांस्टेबल एवं थाने के हैड कांस्टेबल कांतिलाल, सागर ने गामठवाड़ा निवासी भगवतीलाल पुत्र शांतिलाल कलाल के कब्जे से 11 हजार 600 रुपए, जिला विशेष टीम से कांस्टेबल यशपालसिंह व थाने के हैड कांस्टेबल मनोज, अर्जुन ने बी ब्लॉक पुनर्वास कॉलोनी निवासी साहिल पुत्र दिलावर खान पठान से 280 रुपए तथा कांस्टेबल महावीर व थाने के हैड कांस्टेबल बंशीलाल, भूपेन्द्र सिंह, यशपाल सिंह ने सुआरों का डूंगरा निवासी मुस्तफा पुत्र लियाकत खान मुसलमान से 2180 रुपए, जुआ सट्टे की पर्चियां, डायरी जब्त कर मामला दर्ज किया।